State Council of Educational
Research & Training, Chhattisgarh
Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर
नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

पत्र क्र./शिक्षक शिक्षा/30–1 बी.एड./प्रवेश/2015–16 4015 रायपुर दिनांक 15.07.2015

# द्विवर्षीय बी.एड. ऑनलाइन आबंटन प्रक्रिया 2015 की सूचना

द्विवर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आबंटन कार्यक्रम 2015 दिनांक 21.07.2015 से आरंभ हो रहा है। इस हेतु ऑनलाइन विकल्प फार्म भरने के लिए **MKCl** केन्द्रों की सूची, आवश्यक दिशा निर्देश, प्रवेश प्रक्रिया, महाविद्यालयों की सूची एवं काउंसिलिंग से संबंधित जानकारी एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाइट **http://www.scert.cg.gov.in** एवं **MKCl** के वेबसाइट **http://oasis.mkcl.org/cgbed2015**पर उपलब्ध है।आबंटन प्रक्रिया प्री.बी.एड. परीक्षा के संयुक्त ओवर ऑल रैक से किया जावेगा।ऑनलाइन आबंटन कार्यक्रम निम्नानुसार है –

| क्र. | विवरण | दिनांक से | दिनांक तक |
|---|---|---|---|
| | प्रथम चरण | | |
| 1 | विकल्प फार्म ऑनलाइन जमा करने की तिथि। | 21.07.2015 | 28.07.2015 |
| 2 | दावा आपत्ति के लिए आबंटन सूची जारी करना एवं दावा आपत्ति आमंत्रित करना। | 29.07.2015 | 30.07.2015 |
| 3 | आबंटन सूची जारी करना। | 31.07.2015 | |
| 4 | आबंटित छात्र/छात्रों द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 01.08.2015 | 10.08.2015 |
| | द्वितीय चरण | | |
| 5 | विकल्प फार्म आनलाइन जमा करने की तिथि (इन तिथियों में प्रथम चरण में सम्मिलित छात्र/छात्राएँ विकल्प परिवर्तन, शुल्क जमा करके कर सकेंगें) | 11.08.2015 | 17.08.2015 |
| 6 | दावा आपत्ति के लिए आबंटन सूची जारी करना एवं दावा आपत्ति आमंत्रित करना। | 18.08.2015 | 19.08.2015 |
| 7 | आबंटन सूची जारी करना | 20.08.2015 | |
| 8 | आबंटित छात्र/छात्राओं द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि | 21.08.2015 | 27.08.2015 |
| | तृतीय चरण | | |
| 9 | विकल्प फार्म ऑनलाइन जमा करने की तिथि | 28.08.2015 | 02.09.2015 |
| 10 | दावा आपत्ति के लिए आबंटन सूची जारी करना एवं दावा आपत्ति आमंत्रित करना। | 03.08.2015 | 04.09.2015 |
| 11 | आबंटन सूची जारी करना | 07.09.2015 | |
| 12 | आबंटित छात्र/छात्राओं द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि | 08.09.2015 | 14.09.2015 |
| 13 | बी.एड.के लिए अंतिम चरण की आबंटन प्रक्रिया। | यदि तीन चरण पश्चात भी बी.एड. की सीटें रिक्त रह जाती हैं तो चौथे चरण की आबंटन प्रक्रिया Face to Face काउंसिलिंग (प्रत्यक्ष आबंटन प्रक्रिया) द्वारा की जावेगी जिसकी तिथि एवं अन्य जानकारी एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाइट में दी जावेगी। | |

नोट :–

1. एस.सी.ई.आर.टी.में आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रमाण के साथ उपस्थित होकर ही करने पर दावा आपत्ति स्वीकार किये जायेंगे।
2. आबंटन प्रक्रिया सीटों की रिक्तता, संयुक्त ओवर ऑल रैंक तथा अभ्यर्थियों के विकल्प के आधार पर किया जाता है। इस कारण आबंटन प्रक्रिया में सम्मिलित होने मात्र से सीटों के लिए अभ्यर्थी दावा नहीं कर सकते।
3. आकांक्षा लायंस स्कूल फॉर मेन्टली हैंडीकेप्ड, अवन्ति विहार, रायपुर 492006 (छ.ग.) में बी.एड. विशेष (एम.आर.) द्विवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्री.बी.एड.परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी ही पात्र होंगे किन्तु इसके लिए ऑनलाइन विकल्प नहीं भरा जाना है और ऐसे अभ्यर्थी सीधे आकांक्षा लायंस स्कूल फॉर मेन्टली हैडीकेप्ड में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। इस हेतु यह संस्था नियमानुसार समिति बनाकर प्रवेश प्रक्रिया करेगी। अधिक जानकारी के लिए आकांक्षा लायंस स्कूल से फोन 0771-2443761, 4035441,6466038 एवं Fax 0771-2443761 व Email.aakankshalsmh@yahoo.com से सम्पर्क किया जा सकता है। पाठ्यक्रम के संबंध में संक्षिप्त जानकारी एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाइट में भी देख सकते हैं।

**2.ऑनलाइन विकल्प फार्म भरने का स्थान :–** प्री.बी.एड. परीक्षा 2015 में सम्मिलित ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो द्विवर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु छ.ग.बी.एड. प्रवेश नियम 2006 एवं उसमें किए गए संशोधन के अनुसार अर्हताएं रखते हैं तथा उन्हें अनुमान है कि उन्हें बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश मिल सकता है, MKCL के निम्नलिखित केन्द्रों में ऑनलाइन आबंटन प्रक्रिया में विकल्प फार्म भरने के लिए निर्धारित दिवसों में प्रात : 9.30 बजे से संध्या 5.30 बजे तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर विकल्प फार्म भर सकते हैं–

| क्र. | विकल्प फार्म भरने हेतु MKCL केन्द्र के नाम व पता | जिला | शहर | दूरभाष नंबर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अम्बिकापुर | अम्बिकापुर | अम्बिकापुर | 07774–230799 |
| 2. | ग्लोबल मल्टीमीडिया हनुमान मंदिर के पास डी.सी. रोड़ | अम्बिकापुर | अम्बिकापुर | 78692–93997<br>97536–45205 |
| 3. | आदर्श एकेडमी ऑफ आई.टी.मुस्कान भवन, न्यू सरकंडा | बिलासपुर | बिलासपुर | 88238–10489 |
| 4. | जी.टी.बी. एकेडमी, हनुमान मंदिर के पास नेहरू नगर बिलासपुर | बिलासपुर | बिलासपुर | 07752–271311<br>93000–21347 |
| 5. | एम्स कम्प्यूटर, डी.पी.विप्र कॉलेज के पास हाईकोर्ट रोड | बिलासपुर | बिलासपुर | 07752–407578 |
| 6. | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पेण्ड्रा. | बिलासपुर | बिलासपुर | 07751–224718 |
| 7. | डी.टेक कम्प्यूटरर्स, बी.एस.एन.एल ऑफिस के सामने राजकिशोरनगर | बिलासपुर | बिलासपुर | 07752–427708<br>92298–28788 |
| 8. | अनिमेश कम्प्यूटर निरालानगर बस स्टेशन रोड | बिलासपुर | बिलासपुर | 07752–404740<br>9302754329 |
| 9 | SPS Training & Technology (I) Pvt. Ltd.<br>Kamla Kutir, Jamuna Prasad Verma Bhawan,<br>Nehru Chowk Bilaspur | बिलासपुर | बिलासपुर | 07752–419144 |
| 10 | आकृति इंस्टीट्यूट ऑफ आई.टी. ओस्जवी नर्सिंग होम के सामने गुलमोहर वाटिका ,रूद्री रोड | धमतरी | धमतरी | 98264–32896<br>93028–32896<br>07722–236994 |
| 11 | लॉजिक गेट, नंबर–1 स्टील कालोनी जी.ई. (बाई पास रोड) स्टील कॉलोनी, नेहरूनगर पश्चिम | दुर्ग | भिलाई | 93293–50154<br>73548–83351 |
| 12 | हिमांशु इनफोटेक, 108 न्यू सिविक सेंटर | दुर्ग | भिलाई | 0788–4062445<br>99071–83175 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13 | भारतीय कॉलेज (बी.आई.आई.टी.) पुलगांव चौक दुर्ग | दुर्ग | भिलाई | 9669822230<br>9752693006 |
| 14 | पेस एकेडमी सिन्धी कालोनी डॉ सिद्द्विकी क्लिनिक के उपर स्टेशन रोड गुरूद्वारा के पास | दुर्ग | दुर्ग | 0788–4013474<br>78983–83772<br>98271–71227 |
| 15 | अशरफिया इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन साई मंदिर के पास कसारीडीह | दुर्ग | दुर्ग | 0788–2326540<br>93023–53905 |
| 16 | अपोलो कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन वेटनरी कॉलेज के सामने अंजोरा | दुर्ग | अंजोरा | 07882–623444<br>93028–34648 |
| 17 | मनसा कॉलेज कोहका कुरूद रोड़ भिलाई | दुर्ग | भिलाई | 0788–3201582<br>9893750431 |
| 18 | शिवा कॉलेज, मैत्री विहार, राधिका नगर, सुपेला, भिलाई | दुर्ग | भिलाई | 0788–2295350<br>9229475290 |
| 19 | भिलाई कॉलेज ऑफ आई.टी. जामुल भिलाई वार्ड 4, चंडी मंदिर वार्ड अहिरवारा | दुर्ग | भिलाई | 0788–4031830<br>9993728325 |
| 20 | रूगंटा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नालॉजी जी.ई.रोड़ गंजपारा, दुर्ग | दुर्ग | दुर्ग | 0788–2322552<br>99930–10010<br>92293–44424 |
| 21 | स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको, आमदीनगर हुडको भिलाई–दुर्ग | दुर्ग | भिलाई | 0788–2241600<br>96857–89815 |
| 22 | एम.जे.कॉलेज कोहका जुनवानी रोड | दुर्ग | भिलाई | 0788–2294055<br>98931–20381 |
| 23 | कल्यांण पी.जी. कालेज सेक्टर 07 भिलाई नगर | दुर्ग | दुर्ग | 0788–223665<br>98271–06750 |
| 24 | साइबर स्पाट बी.7 नेशनल हाईवे 12 ए. सुन्दरनगर रायपुर रोड बेमेतरा | बेमेतरा | बेमेतरा | 93002– 55631<br>07824–222098<br>93002–55623 |
| 25 | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बस्तर | बस्तर | जगदलपुर | 07782–262267 |
| 26 | यूनिक कम्प्यूटर ऑफ एजुकेशन जैन मंदिर रोड | बस्तर | जगदलपुर | 07782–226632<br>94252–61196 |
| 27 | सूर्या कॉलेज, गीदम रोड | बस्तर | जगदलपुर | 97555–29670 |
| 28 | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जशपुर | जशपुर | जशपुर | 07763–223197 |
| 29 | शर्मा कम्प्यूटर्स करबला चौक | जशपुर | जशपुर | 07763–223600<br>94252–52975 |
| 30 | देव कम्प्यूटर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के पास | जशपुर | जशपुर | 94060–27963 |
| 31 | फयूचर ब्राइट कम्प्यूटर एजूकेशन कुर्मी छात्रावास बस स्ओन्ड के पास कवर्धा | कवर्धा | कवर्धा | 93004–29449<br>7566643699 |
| 32 | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कोरबा | कोरबा | कोरबा | 07759–225328 |
| 33 | राहेन कम्प्यूटर निहारिका टॉकिज के पास | कोरबा | कोरबा | 07759–226144<br>81035–23771 |
| 34 | Education Planet Infront of DD Market ,P.H Road | कोरबा | कोरबा | 9425226685 |
| 35 | (ICDE) कम्प्यूटर एजुकेशन,<br>Opp Bunkar Society ,Amapara, Raipur | रायपुर | रायपुर | 7587145303 |
| 36 | शिवांता टेक्नालॉजी बिंदा सोनकर स्कूल के सामने, अश्वनी नगर | रायपुर | रायपुर | 94079–02100<br>98061–06161 |
| 37 | श्रीराम कालेज सारागांव, खरोरा रोड, रायपुर | रायपुर | रायपुर | 8349061390<br>8889538957 |
| 38 | सेन्ट्रल कालेज ऑफ आई.टी. आर.आई.एफ. बिल्डिंग | रायपुर | रायपुर | 9425208200 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | फाफाडीह मेनरोड, रायपुर | | | 9425208100 |
| 39 | महात्मा गांधी कॉलेज गुरूद्वारा के पीछे स्टेशन रोड | रायपुर | रायपुर | 0771–4047124<br>94252–04469 |
| 40 | रूंगटा एजुकेशन कैम्पस नंदनवन के पास वीरसावरकर नगर रायपुर | रायपुर | रायपुर | 0771–6666666<br>92291–55566 |
| 41 | सी.आई.टी. बी. एड कालेज, पुष्पक आपर्टमेन्ट शा. स्कूल के सामने, फायर ब्रिगेट, छोटापारा रायपुर | रायपुर | रायपुर | 77125–35144<br>99777–63800 |
| 42 | गुरूकुल इंस्टीट्यूट केसोछोर रोड़ प्लाट नं. 991/1 | गरियाबंद | गरियाबंद | 077062–20325<br>98933–88446 |
| 43 | इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एंड साइंस जनपद कार्यालय के पीछे | गरियाबंद | गरियाबंद | 07706–241502<br>99815–21776<br>99932–43702 |
| 44 | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैरागढ़ | राजनांदगांव | खैरागढ़ | 07820-234204 |
| 45 | अरिहंत कम्प्यूटर एजुकेशन दिग्विजय कालेज रोड़ सोनार पारा त्रिपूरा किराना के सामने विजन इन्फोटेक के सामने | राजनांदगांव | राजनांदगांव | 07744–409555<br>93292–52329 |
| 46 | सी–टेक कम्प्यूटर एजुकेशन बालेराय स्टेडियम के सामने मेनरोड | जांजगीर चांपा | जांजगीर चांपा | 07819–244288<br>93010–30379 |
| 47 | जगरानी देवी शिक्षा महाविद्यालय बारद्ववार | जांजगीर चांपा | बारद्ववार | 07757–278421<br>94790–38751 |
| 48 | नोबल कम्प्यूटर, राजीव चौक, मेन रोड | नारायणपुर | नारायणपुर | 94255–18385 |
| 49 | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांकेर | कांकेर | कांकेर | 07868–224543 |
| 50 | नेशनल कम्प्यूटरर्स चर्च के पास | कांकेर | कांकेर | 98278–87087<br>94252–61817 |
| 51 | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान धर्मजयगढ़ | रायगढ़ | धर्मजयगढ़ | 07766–266250 |
| 52 | प्रोग्रेसिव कम्प्यूटर गुरूनानक स्कूल के पास कोस्टापारा नयागंज | रायगढ़ | रायगढ़ | 07762–225540<br>94252–52051<br>74897–15491 |
| 53 | इण्डियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट (ICDE) आर्शीवार्द लाज के पास, स्टेशन रोड, महासमुंद (छ.ग.) | महासमुंद | महासमुंद | 07723–222121<br>98265–17661 |
| 54 | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान महासमुंद | महासमुंद | महासमुंद | 07723–224781 |
| 55 | ट्रैक कम्प्यूटर साडा काम्पलेक्स ए–12 बस स्टैण्ड | दंतेवाड़ा | दंतेवाड़ा | 07856–252324 |
| 56 | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दन्तेवाड़ा | दन्तेवाड़ा | दन्तेवाड़ा | 07856–252283, 252284 |
| 57 | VII Tech Computer College C/o नाईसटेक कम्प्यूटर कॉलेज, झगराखण्ड रोड, विवेकानंद कॉलेज के पास मनेन्द्रगढ कोरिया | कोरिया | मनेन्द्रगढ | 07771–241927<br>93015–87039 |
| 58 | एनेक्स कम्प्यूटर एजुकेशन गायत्री मंदिर काम्प्लेक्स पैलेस रोड | रायगढ़ | सांरगढ़ | 07768–233902<br>93009–60024 |
| 59 | SAIT कम्प्यूटर मारिया कालोनी शासकीस अस्पताल के सामने पत्थलगांव | जशपुर | पत्थलगांव | 07765–234000<br>94241–83777<br>99934–43101 |
| 60 | ज्ञानदीप हायर सेकेण्डरी स्कूल, जांजगीर | जांजगीर चांपा | जांजगीर चांपा | 07817–222656<br>94252–30436 |
| 61 | श्री संदीपनी शिक्षा महाविद्यालय, राहौद | जांजगीर चांपा | राहौद | 98274–10007<br>98261–21219 |
| 62 | कमलाकांत शुक्ला कालेज, देवरी रोड, भाटापारा | भाटापारा बलौदाबाजार | भाटापारा | 74890–95008 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 63 | शिवानी कम्प्यूटर के पास शा.बालक उ.मा.वि.इंफोटेक शारदा किराना, जवाहरपारा के सामाने बालोद | बालोद | बालोद | 94255-.42998<br>07749-223752 |
| 64 | चैतन्य कालेज, सशा रोड़ पामगढ़ जिला-जांजगीर चांपा | जांजगीर चांपा | पामगढ़ | 98271-94555<br>97138-86911 |
| 65 | शुभ कम्प्यूटर पुरुषोतम दास एण्ड कंपनी आर.डी.ए. बिल्डिंग-डी.11 बजरंग मार्केट अपोजिट तहसील आफिस कचहरी चौक, रायपुर | रायपुर | रायपुर | 94079-77700 |
| 66 | भिलाई स्कूल ऑफ एजुकेशन, तिरंगा भवन पदमानगर, दुर्ग | दुर्ग | दुर्ग | 78829-82200<br>93024-95547 |
| 67 | रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ऑफ, सिटी ऑफिस शीला रेसेडेन्सी इंफोटेक, सी.एम.हाउस, सिविल लाइन रायपुर | रायपुर | रायपुर | 92293-55572<br>0771-6888888 |

## 3. आवश्यक दिशा निर्देश –

**आबंटन प्रक्रिया हेतु संक्षिप्त आवश्यक दिशा निर्देश निम्नानुसार हैं–**

**3.1. प्रवेश के लिए पात्रता :–**

I. किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से त्रिवर्षीय स्नातक/स्नातकोत्तर या समकक्ष उपाधि में न्यूनतम 50% प्राप्तांक के साथ उपाधि प्राप्त अभ्यर्थी ही पात्र होंगे। इंजीनियरिंग वाले प्रकरण में न्यूनतम 55 प्रतिशत प्राप्तांक पात्रता के लिए आवश्यक होगा। छ.ग. राज्य के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को बी.एड.प्रवेश नियम के अनुसार अर्ह परीक्षा के प्राप्तांक में 5 प्रतिशत की छूट का प्रावधान होगा। स्नातक में आनर्स वाले प्रकरण में अभ्यर्थी को स्नातक में एकीकृत प्राप्तांक 50 प्रतिशत होने पर ही विश्वविद्यालय द्वारा बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु पात्रता दी जावेगी।

II. **प्रवेश के उपरांत महाविद्यालय परिवर्तन अथवा आपसी स्थानांतरण का प्रावधान नहीं है।**

**3.2. विकल्प फार्म भरने के लिए दिशा निर्देश एवं आवश्यक दस्तावेज –**

**(A)**

I. अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार नजदीकी MKCL केन्द्रों में जाकर ऑनलाइन विकल्प फार्म भर सकेंगे। विकल्प फार्म का प्रारूप एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाइट पर दिया गया है।

II. बी.एड.संचालित महाविद्यालयों/संस्थानों की सूची वेबसाइट http:/scert.cg.gov.in में दिया गया है।

**(B) विकल्प फार्म भरने के लिए आवश्यक दस्तावेज –**

इच्छुक अभ्यर्थी विकल्प फार्म भरने के समय निम्नलिखित दस्तावेजों की मूलप्रति व सत्यापित छायाप्रति के साथ अपने पास के तथा अपनी सुविधा के अनुसार MKCL केन्द्र में उपस्थित होंगे –

I. 350/– की प्रक्रिया शुल्क के चालान की संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् रायपुर की प्रति। प्रक्रिया शुल्क एस.सी.ई.आर.टी. के **SBI पावर ज्योति एकाउण्ट क्रमांक 32402468895** में चालान के माध्यम से जमा होगा। चालान का प्रारूप एस.सी.ई. आर.टी.के वेबसाइट में दिया गया है। यह चालान एक बार जमा करने के बाद किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार का शुल्क अभ्यर्थियों को नहीं देना होगा।

II. प्री. बी.एड. परीक्षा 2015 की अंकसूची (इंटरनेट वाली अंकसूची भी मान्य है)

III. अर्हकारी परीक्षा की अंकसूची (स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि की) एकीकृत प्राप्तांक की गणना हेतु स्नातक उपाधि प्राप्त है तो तीनों वर्षो की अंकसूची और यदि स्नातकोत्तर उपाधि के प्राप्तांक से पात्रता बन रही है तो स्नातकोत्तर के दोनों वर्षो की अंकसूची लाना अनिवार्य होगा।

IV. जन्मतिथि हेतु 10वीं/12वीं की अंकसूची या सक्षम प्राधिकारी/संस्था से प्रदान किया गया जन्म प्रमाण पत्र।

V. आरक्षित वर्ग व संवर्ग हेतु निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र।

VI. छ.ग. शासन बी.एड. प्रवेश नियम 2006 के 3 (ख) के तहत छत्तीसगढ़ के स्थायी निवासी संबंधी प्रमाण पत्र। इसके अभाव में अभ्यर्थी को अखिल भारतीय कोटे के लिए आबंटन प्रक्रिया में शामिल किया जायेगा।

VII. नाम/उपनाम परिवर्तन संबंधी शपथपत्र।

VIII. एक पासपोर्ट साइज का फोटो।

**(C) MKCL केन्द्र में जाने के बाद अभ्यर्थियों के लिए दिशा निर्देश –**

1. विकल्प फार्म में दी जाने वाली जानकारियाँ भरें तथा भरी हुई जानकारी का मिलान संलग्न प्रमाण पत्रों से कर लेवें (विकल्प फार्म**SCERT/ MKCL** के वेब साइट में उपलब्ध होगा)।
2. विकल्प फार्म अभ्यर्थी की उपस्थिति में ही ऑनलाइन भरा जाना है। इसके लिए केन्द्र प्रभारी का सहयोग लेवें।
3. प्री.बी.एड. की अंक सूची में निम्नलिखित जानकारी व्यापम् द्वारा ली जाती है, जैसे– नाम, उपनाम, जाति, आरक्षित श्रेणी व स्नातक के प्राप्तांक। कृपया उक्त जानकारी को जाँच लेवें और सही है तो विकल्प फार्म भरने की प्रक्रिया करें। यह ध्यान रखें कि व्यापम् द्वारा उपलब्ध कराये गये डाटाबेस में किसी भी प्रकार का परिवर्तन अथवा सुधार **MKCL** केन्द्र द्वारा नहीं किया जावेगा।
4. **MKCL** के सेन्टर में ही चालान की **SCERT** वाली प्रति जमा करनी होगी। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार की राशि **MKCL** सेन्टर में नहीं दिया जाना है।
5. इसके पश्चात् **MKCL** केन्द्र प्रभारी अभ्यर्थियों द्वारा दी गई जानकारी तथा भरे गये विकल्प फार्म की ऑनलाइन एन्ट्री करेंगे। अभ्यर्थी की सहमति प्राप्त हो जाने के बाद 2 प्रिन्ट आउट निकालें। दोनों प्रिन्ट आउट का अभ्यर्थी को अवलोकन करायें।
6. यह अभ्यर्थी की जिम्मदारी होगी कि अच्छी तरह से प्रिंट आउट की जाँच करे तथा यदि कोई त्रुटि हो तो सुधार कर सही करने के पश्चात् दुबारा प्रिन्ट आउट निकलवायें और समस्त विवरण सही पाए जाने पर ही हस्ताक्षर करें। हस्ताक्षर कर एक प्रति **MKCL** केन्द्र को देवें।
7. अभ्यर्थी के सन्तुष्ट होने के पश्चात् दोनों प्रिन्ट आउट पर MKCL केन्द्र के प्रभारी व अभ्यर्थी हस्ताक्षर करेंगे।
8. विकल्प फार्म की एक प्रति केन्द्र अपने पास अनिवार्यतः रखेंगे तथा एक अभ्यर्थी को देगें। यदि किसी कारणवश प्रिन्ट नहीं निकल रहा हो तो विकल्प फार्म नहीं भरवायेंगे।

9. अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे उन्हीं महाविद्यालयों का विकल्प देवें जहाँ वे प्रवेश लेने के लिए इच्छुक है क्योंकि महाविद्यालय आबंटित होने के बाद केवल एक बार आबंटन निरस्त किया जा सकता है। इसके बाद नये सिरे से पुनः विकल्प फार्म भरने का प्रावधान है।

10. राज्य के बाहर के चयनित अभ्यर्थियों को महाविद्यालयों में प्रवेश लेने से पहले संबंधित विश्वविद्यालयों से बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा।

11. महाविद्यालय में प्रवेश के समय अभ्यर्थी के मूल दस्तावेजों का सत्यापन किया जायेगा, उसके उपरांत ही प्रवेश दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र मूल में प्रस्तुत करना होगा। गलत/भ्रामक जानकारी देकर प्रवेश लेने पर प्रवेश किसी भी समय निरस्त किया जा सकेगा जिसकी समस्त जवाबदारी अभ्यर्थी की होगी साथ ही कानूनी कार्यवाही भी की जायेगी। महाविद्यालय में प्रवेश के पश्चात् राज्य के बाहर के अभ्यर्थियों के लिए संबंधित विश्वविद्यालय से पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी अभ्यर्थी को पात्रता प्रमाण पत्र नहीं दिए जाने की स्थिति में एस.सी.ई.आर.टी. की कोई जवाबदारी नहीं होगी।

12. आबंटन साफ्टवेयर के द्वारा किया जाता है।

13. अभ्यर्थी अपने महाविद्यालय आबंटन की सूचना निम्नलिखित माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं –
   - एस.सी.ई.आर.टी. तथा **MKCL** के वेबसाइट में अपना विकल्प फार्म क्रमांक/प्री.बी.एड. रोल नंबर submit कर देख सकते हैं।
   - अभ्यर्थी के चयन की सूचना एवं चयन होने पर अभ्यर्थी का अस्थाई आबंटन पत्र अभ्यर्थी को **MKCL/SCERT** के वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जायेगी। **चयन की किसी प्रकार की सूचना डाक के द्वारा नहीं दी जायेगी।**
   - अभ्यर्थी द्वारा अपने मोबाइल नं. की जानकारी देने की स्थिति में एस.एम.एस. द्वारा उन्हें जानकारी भेजी जायेगी। मगर एस.एम.एस.नहीं मिलने पर इसकी जवाबदारी एस. सी.ई.आर.टी. की नहीं होगी।

14. महाविद्यालय आबंटित होने के पश्चात् MKCL के साइट में आबंटन पत्र के विकल्प में जाकर अपना विकल्प फार्म क्रमांक या प्री.बी.एड. परीक्षा का रोल नम्बर डालकर अभ्यर्थी अपना अस्थाई आबंटन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अस्थाई आबंटन पत्र **MKCL/SCERT** के वेबसाइट से कहीं भी निकाला जा सकता है।

## 4. चयनित अभ्यर्थी का महाविद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया –

a- अभ्यर्थी को आबंटित महाविद्यालय में अस्थाई आबंटन पत्र एवं जिन दस्तावेजों की सत्यापित छायाप्रति विकल्प फार्म के साथ संलग्न किए गए थे, उसके मूल दस्तावेजों के साथ प्रवेश लेने के लिए निर्धारित तिथि में उपस्थित होना होगा। प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि तक प्रवेश न लेने पर अभ्यर्थी प्रक्रिया से बाहर हो जायेंगे।

b- महाविद्यालय में प्रवेश के लिए अधिकृत अधिकारी द्वारा अभ्यर्थी के मूल दस्तावेजों को जांचकर सभी दस्तावेज सही पाए जाने पर निर्धारित प्रवेश शुल्क लेकर उन्हें प्रवेश दिया जायेगा।

अगर मूल दस्तावेजों में कोई कमी या त्रुटि पाई जाती है तो उसका चयन अस्वीकार कर दिया जायेगा जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। अभ्यर्थी यह भी सुनिश्चित करें कि महाविद्यालय द्वारा उनके प्रवेश को ऑनलाइन अपडेट कर दिया गया है तथा वे ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा पेमेन्ट किया गया रसीद अनिवार्यतः प्राप्त करें। ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा पेमेन्ट किया गया रसीद नहीं होने की स्थिति में प्रवेश अमान्य माना जायेगा।

c- महाविद्यालय अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रवेश शुल्क के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का अन्य शुल्क न लेवें। अतिरिक्त शुल्क लेने की शिकायत प्राप्त होने पर महाविद्यालय के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

d- चयनित अभ्यर्थी यदि प्रवेश के लिए निर्धारित अवधि में महाविद्यालय में प्रवेश नहीं लेता है तथा चयन निरस्त नहीं करता है तो वह ऑनलाइन प्रक्रिया से बाहर हो जाएगा। निरस्त कराने हेतु अभ्यर्थी को संबंधित **MKCL** केन्द्र में जाकर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमाकर प्रवेश निरस्त कराकर पावती प्राप्त करनी होगी।

**5. द्वितीय/तृतीय चरण की काउंसलिंग –**

**(अ)** प्रथम चरण के पश्चात् रिक्त रह गई सीटों एवं द्वितीय चरण के रजिस्ट्रेशन के दौरान पूर्व प्रवेशित छात्रों के सीट छोड़ने के कारण रिक्त होने वाली सीटों के आबंटन के लिए द्वितीय चरण में वैसे ही प्रक्रिया अपनायी जाएगी, जो प्रथम चरण में थी। इसके प्रकार निम्नलिखित हैं–

5.1 **ऐसे अभ्यर्थी जो प्रथम चरण में आबंटन के पश्चात् आबंटित महाविद्यालय में प्रवेश न लेकर MKCL केन्द्र में जाकर प्रवेश निरस्त करा चुके हैं –**

**a.** ऐसे अभ्यर्थी जो अपनी पूर्व आबंटित महाविद्यालय बदलना चाहते हैं, उन्हें इसकी अनुमति है। परन्तु यह प्रक्रिया करने के लिए अभ्यर्थी को प्रवेश के लिए निर्धारित अवधि में **MKCL** केन्द्र में जाकर अपना प्रवेश निरस्त कराना होगा। ऐसा करने पर द्वितीय चरण के आबंटन हेतु प्रथम चरण में आबंटित महाविद्यालय शामिल नहीं किया जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थी को विकल्प फार्म एवं निर्धारित राशि का बैंक चालान बनाने की आवश्यकता नहीं है। यह अवसर अभ्यर्थी को एक ही बार दिया जाएगा।

**b.** ऐसे अभ्यर्थी जो अपने पूर्व आबंटित महाविद्यालय से संतुष्ट नहीं हैं या पूर्व में भरे गए विकल्पों में परिवर्तन चाहते है तो उन्हें एक बार विकल्प परिवर्तन का मौका दिया जाएगा। यह प्रक्रिया करने के लिए अभ्यर्थी को विकल्प फार्म भरने की तिथियों में उसी **MKCL** केन्द्र में पुनः जाकर विकल्प फार्म भरना एवं निर्धारित राशि का बैंक चालान भी जमा करना होगा।

5.2 **ऐसे अभ्यर्थी जो प्रथम चरण में रजिस्ट्रेशन कराये थे परन्तु आबंटन नहीं हुआ था –**

ऐसे अभ्यर्थी यदि अपना विकल्प बदलते हैं तो उन्हें निर्धारित राशि का बैक चालान जमा करना होगा। यदि विकल्प नहीं बदलना चाहते हैं तो उन्हें चालान जमा करने की आवश्यकता नहीं है। वे स्वमेव ही मेरिट के आधार पर आबंटन प्रक्रिया में शामिल होंगे।

5.3 ऐसे अभ्यर्थी जो किसी चरण में रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाये थे वे बाद के चरणों में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। ऐसा करने के लिए अभ्यर्थी को प्रथम चरण के निर्देशों का पालन करना होगा।

**(ब)** द्वितीय चरण के पश्चात् रिक्त रह गई सीटों एवं तृतीय चरण के रजिस्ट्रेशन के दौरान पूर्व प्रवेशित छात्रों के सीट छोड़ने के कारण रिक्त होने वाली सीटों के आबंटन के लिए तृतीय चरण में वैसे ही प्रक्रिया अपनायी जाएगी, जो द्वितीय चरण में थी।

टीपः–

1. किसी भी विवाद की स्थिति में संचालक, एस.सी.ई.आर.टी.रायपुर का निर्णय अंतिम व बाध्यकारी होगा।
2. बी.एड. पाठ्यक्रम में शासकीय संस्थाओं में सीटों का आरक्षण शासन के वर्तमान में लागू आरक्षण नियम के तहत होगा।
3. समय–समय पर संशोधित नियम एस.सी.ई.आर.टी.के वेबसाइटhttp://scert.cg. gov.in में देखे जा सकते हैं।
4. निजी व शासकीय शिक्षा महाविद्यालयों का प्रवेश शुल्क शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुसार होगा। इसकी जानकारी एस.सी.ई.आर.टी.के वेबसाइट **http://scert.cg.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है।
5. राज्य के अशासकीय शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु छ.ग. के SC/ST/OBC वर्ग के अभ्यर्थियों को सीटों में आरक्षण छ.ग. के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना क्रमांक F9-02/2012/तक.शि./42दिनांक 19 फरवरी 2013 के अनुसार दिया जायेगा।
6. प्रवेश नियम व दिशानिर्देशों की विस्तृत जानकारी, आबंटन कार्यक्रम व MKCL केन्द्रों की सूची एस.सी.ई.आर.टी.रायपुर के वेबसाइट पर उपलब्ध है।
7. 30 सितम्बर 2015 के पश्चात् सत्र 2015–16 हेतु किसी भी प्रकार की प्रवेश प्रक्रिया नहीं की जावेगी।

संचालक
एस.सी.ई.आर.टी.छ.ग.रायपुर